शासन के अधिकारी कर रहे हैं हड़ताल के लिए मजबूर

देहरादून (एसएनबी)। चार सूत्री मांगों को लेकर उत्तराखण्ड राजस्व संग्रह अमीन संघ की अनिश्चितकालीन हड़ताल आठवें दिन भी जारी है। संग्रह अमीनों की मांगों के समर्थन में राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य सचिव से मुलाकात की है। मुख्य सचिव ने सोमवार को मांगों के निराकरण के लिये परिषद व संघ के साथ वार्ता का आश्वासन दिया है। वहीं संघ मांगों का शासनादेश होने तक आंदोलन को जारी रखने पर अडिग है।

शुक्रवार को परेड ग्राउंड स्थित धरना स्थल पर आयोजित सभा में विभिन्न जनपदों से आये वक्ताओं ने अपने-अपने विचार रखे। विमलेश चमोली ने कहा कि शासन में बैठे आला अधिकारियों द्वारा संघ की मांगों पर

- संग्रह अमीन संघ बिना शासनादेश के हड़ताल वापस लेने के मूड में नहीं
- कहा, कैबिनेट की मंजूरी के बाद शासनादेश जारी करने में की जा रही आनाकानी

विचार नहीं किया है, जिससे संवर्ग कर्मी नाराज हैं। उन्होंने कहा यदि शासन व सरकार द्वारा शीघ्र ही कोई निर्णय नहीं लिया जाता है, तो आंदोलन को और उग्र किया जायेगा। हरीश वर्मा ने कहा कि संघ की चारों मांगें जायज हैं। इसमें कुछ पर कैबिनेट ने मंजूरी भी दे दी है लेकिन उसके बाद भी

शासन में बैठे हठधर्मी अधिकारी अपनी मनमानी कर रहे है।

प्रांतीय महामंत्री वीरेन्द्र सजवाण ने कहा कि संघ की मांगों पर जब कैबिनेट ने पूर्व में संस्तुति कर दी है, तो शासन में बैठे अधिकारी शासनादेश करने में आनाकानी क्यों कर रहे है। इससे उनकी मंशा पर सवाल उठता है। धरने की अध्यक्षता नैनीताल से आये राकेश मनराल व संचालन अशोक ठाकुर ने किया।

सभा में भजन सिंह, गुरुदत्त बहुगुणा, शांति लाल, मुन्नादास, राकेश नेगी, केशव पाण्डे, संतोष सैनी, परमवीर पंवार, आशीष डोरा, विरेन्द्र सिंह रावत, नरेन्द्र शर्मा, अभय कुमार, संजय आनंद, नैनीताल से मोहनचंद पंत, उत्तरकाशी से रुकमदास, गणेश मणी, टिहरी से नाग सिंह, मस्तराम डोभाल, चंपावत से दिवानी राम बालकृष्ण, हरिद्वार से रमेश चन्द्र बिजल्वाण व मनोज बुडकोटी आदि मौजूद थे।

मुख्य सचिव से की मुलाकात

देहरादून (एसएनबी)। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को राजस्व संग्रह अमीन संघ की मांगों के समर्थन में प्रांतीय अध्यक्ष ठाकुर प्रहलाद सिंह के नेतृत्व में सचिवालय में मुख्य सचिव सुभाष कुमार से मुलाकात की है। परिषद के प्रांतीय प्रवक्ता अरुण पाण्डे ने बताया कि राजस्व संग्रह अमीन संघ चार सूत्री मांगों को लेकर एक अगस्त से आंदोलन पर है। परिषद के अनुरोध पर मुख्य सचिव ने प्रतिनिधिमंडल को अवगत कराया कि इस संबंध में उन्होंने अध्ययन कर लिया है तथा सोमवार या मंगलवार को परिषद एवं राजस्व संग्रह अमीन संघ के साथ वार्ता कर मांगों का निराकरण किया जायेगा। प्रतिनिधिमंडल में ठाकुर प्रहलाद सिंह, प्रदीप कोहली, अरूण पाण्डे, संजय अग्रवाल, उदयवीर सिंह रावत, वीरेन्द्र सजवाण, गिरीजा शंकर आदि कर्मचारी नेता शामिल थे।

श्वेताभ सुमन फाइल चोरी मामले में सुनवाई 28 को

देहरादून (एसएनबी)। आयकर कार्यालय से फाइल चोरी के मामले में शुक्रवार को मुख्य परीक्षा के लिए चंडीगढ़ के इनकम टैक्स कमिश्नर सुखविन्द्र खन्ना व एन लौंगवाह अदालत में पेश हुए परंतु कोर्ट में हड़ताल के चलते कोई कार्रवाई नहीं हो पाई। बचाव पक्ष की ओर से आज दोनों इनकम टैक्स कमिश्नरों से क्रास पूछताछ की जानी थी। अदालत ने बचाव पक्ष को अंतिम अवसर देते हुए अगली सुनवाई के लिए 28 अगस्त की तारीख नियत की है। इससे पूर्व निचली अदालत ने वर्ष 2010 में श्वेताभ सुमन को आरोपों से डिस्चार्ज कर दिया था। इनकम टैक्स द्वारा डाली गई रिवीजन में कोर्ट ने यह कार्रवाई शुरू की है।

वर्ष 2005 की 18 जनवरी को सहायक कमिश्नर एन लौगवाह ने थाना डालनवाला में शिकायत दर्ज करवाई थी कि 23 दिसम्बर 2004 से 7 जनवरी 2005 की अवधि के बीच किसी ने आयकर विभाग की कुछ महवपूर्ण फाइलें चोरी कर ली। कोई सुराग हाथ न लगने पर पुलिस ने 4 अप्रैल 2005 को मामले में फाइनल रिपोर्ट लगा दी। बाद में मामला सीबीआई के हाथ में चला गया। इसी दौरान 5 अगस्त 2005 को सीबीआई ने श्वेताभ सुमन के जमशेदपुर स्थित घर में छापा मारकर वहां से चोरी हुई फाइलें बरामद कीं। उस दौरान श्वेताभ सुमन घर में मौजूद नहीं थे। उन्होंने सीबीआई पर उनकी पत्नी से जबरदस्ती कुछ कागजातों पर हस्ताक्षर करवाने के आरोप लगाए। 19 अप्रैल 12 को श्वेताभ सुमन ने इस मामले में सीजेएम कोर्ट में सरेण्डर किया। सरेण्डर के दौरान बचाव पक्ष के वकील ने अदालत को बताया था कि फाइलें बरामद होने के बाद अदालती सम्मन कभी भी उनके मुवक्किल को नहीं मिले।

कलेक्ट्रेट में ठप हुआ काम

देहरादून (एसएनबी)। कलेक्ट्रेट में सालों से एक ही जगह पर टिके कर्मचारियों के स्थानांतरण को लेकर कलेक्ट्रेट कर्मियों का कार्यबहिष्कार दसवें दिन भी जारी रहा। जनपद देहरादून के कलेक्ट्रेट कर्मियों की मांगों के समर्थन में पूरे प्रदेश में कलेक्ट्रेट कर्मियों ने चार घंटे का कार्यबहिष्कार रखा। जिसके चलते आम जनता को खासी परेशानी उठानी पड़ी। वहीं कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ के कुछ पदाधिकारियों ने शासन में संपर्क कर कार्मिक सचिव व राजस्व विभाग के अधिकारियों से बात कर अपना पक्ष रखा।

- कर्मचारियों की हड़ताल से आम जनता की हो रही फजीहत
- संघ के कुछ पदाधिकारियों ने कार्मिक सचिव व राजस्व विभाग के अधिकारियों से की मुलाकात

शुक्रवार को तयशुदा कार्यक्रम के मुताबिक कलेक्ट्रेटकर्मी कार्यबहिष्कार के बाद संयुक्त कार्यालय परिसर के बाहर जिलाधिकारी के खिलाफ प्रदर्शन कर धरने पर बैठ गए। कलेक्ट्रेट कर्मियों ने कहा कि दो दिन पूर्व नये स्टाफिंग पैटर्न को वापस लेने को लेकर सहमति बनी थी, लेकिन उसके बाद भी कर्मचारियों के स्थानांतरण के आदेश वापस नहीं लिये गए।

उन्होंने कहा कि जिलाधिकारी देहरादून कलेक्ट्रेट कर्मियों का उत्पीड़न कर रहे हैं। लघु अवकाश, चिकित्सा अवकाश एवं आकस्मिक अवकाश को पहले से स्वीकृत कराने की व्यवस्था पूर्व में नहीं है, लेकिन उन्होंने इन अवकाशों को पूर्व में स्वीकृत कराने का आदेश अपने स्तर से जारी कर रखा है। इसके अलावा आंग्ल अभिलेखाकार में डाक वितरण की नई व्यवस्था में अत्यधिक अव्यवस्थाएं फैल गई हैं। जिससे डाक के मिसिंग होने की संभावनाएं बनी रहती है और डाक दर्ज करने व उनको वितरित करने में भी व्यवहारिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है जबकि जिलाधिकारी स्तर से प्राप्त हो रही जांच आख्याएं ई-मेल कराने में असुविधा हो रही है। क्योंकि पटल सहायकों के पास अत्यधिक संख्या में जांच आख्याएं व डाक प्राप्त होती है।

उन्होंने कहा कि जिलाधिकारी को किसी भी तरह से संशोधित स्टाफिंग पैटर्न को लागू करने का अधिकार नहीं है, लेकिन वह अनावश्यक रूप से हस्तक्षेप

धरने पर बैठे मिनिस्टीरियल कर्मचारी।

कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि नये स्टाफिंग पैटर्न को वापस लेने के बाद जिलाधिकारी ने पूर्व में किसी स्थानांतरण को निरस्त नहीं किया।

डीएम ने वार्षिक स्थानांतरण नीति के मुताबिक गठित की समिति : जिलाधिकारी चंद्रेश कुमार यादव ने उत्तराखण्ड शासन कार्मिक अनुभाग-2 के आदेश 24 मई व 24 जुलाई 2014 के द्वारा सरकारी अधिकारियों व कर्मचारियों के लिये घोषित वार्षिक स्थानांतरण नीति के अनुपालन में जिलाधिकारी कार्यालय व जिला मुख्यालय के विभिन्न अधिष्ठानों में तैनात कार्मिकों के वार्षिक स्थानांतरण के लिये विभागीय स्थानांतरण समिति का गठन किया है। जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी प्रशासन झरना कमठान को स्थानांतरण समिति का अध्यक्ष नामित किया है जबकि अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व प्रताप सिंह शाह, मुख्य कोषाधिकारी, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट, डिप्टी कलेक्टर, अधिष्ठान प्रभारी अधिकारी को सदस्य नामित किया है। उन्होंने समिति के अध्यक्ष एवं सभी सदस्यों को निर्देश दिये हैं कि वह कार्मिक अनुभाग द्वारा निर्धारित वार्षिक स्थानांतरण नीति के तहत पात्र कर्मचारियों की सूची तैयार करे और सूची के परीक्षण के उपरांत अपनी आख्या सहित 13 अगस्त तक प्रस्तुत करे।

कोषागार कर्मियों ने भेदभाव पर जताई नाराजगी : कोषागार कर्मचारी संगठन संघर्ष समिति की हाईपॉवर कोर कमेटी की बैठक में कोषागार कर्मचारियों के साथ भेदभाव करने पर नाराजगी जताई गई। बैठक में संघर्ष समिति के सह-संयोजक पीसी नैनी ने कहा कि माननीय उच्च न्यायालय के निर्णय के क्रम में अभी तक कोषागार के सहायक लेखाकारों से लेखाकारों को सचिवालय के लेखा संवर्ग के कर्मचारियों के समान वरीयता नहीं दी जा रही है तथा पत्रावाली शासन स्तर पर लंबित है। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड सरकार ने सरकारी सेवा में आने की आयु 42 वर्ष कर दी है। ऐसे में राज्य कर्मियों की सेवानिवृत्ति की आयु 62 वर्ष की जाए।

दो कर्मचारियों पर मुकदमा दर्ज

देहरादून। उप जिलाधिकारी सदर मोहन सिंह बर्निया की तहरीर पर कोतवाली थाने में दो कर्मचारियों को आरोपित करते हुए मुकदमा दर्ज किया गया है। कोतवाली थाने से मिली जानकारी के मुताबिक मामले में प्रवर सहायक राजेन्द्र रावत व मुख्य नाजिर अजय गोयल को आरोपित किया गया है। तहरीर के मुताबिक सरकारी कार्य में बाधा व गाली गलौज की धारा लगाई गई है।

राजकीय वाहन चालक महासंघ ने किया चक्काजाम का ऐलान

देहरादून (एसएनबी)। राजकीय वाहन चालक महासंघ ने अपनी छह सूत्रीय मांगों को लेकर जिलाधिकारी को मांगपत्र ज्ञापन सौंपा। महासंघ ने चेतावनी दी है कि यदि 24 अगस्त तक मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई नहीं की गई तो 25 से 6 सितम्बर तक वाहन चालक काली पट्टी बांधकर सांकेतिक विरोध शुरू कर देंगे। इसके बाद सरकारी वाहनों का 7 सितम्बर से अनिश्चितकालीन चक्काजाम कर दिया जाएगा।

शुक्रवार को महासंघ के जिला मंत्री संदीप कुमार मौर्य ने जिलाधिकारी को मांगपत्र ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा कि महासंघ की लम्बित मांगों पर डीएम स्तर से कार्रवाई किए जाने के बाद भी संबंधित विभागीय अधिकारी वाहन चालकों का शोषण कर रहे हैं। वर्ष 2013 में हुए नगर निगम चुनाव में ड्यूटी कर चुके राजकीय वाहन चालकों को अभी तक 2500 रुपये मानदेय का भुगतान नहीं किया गया है। इसके अलावा हाल ही में संपन्न हुए लोक सभा निर्वाचन का निर्वाचन भत्ता व मानदेय का भुगतान नहीं किया गया। डोईवाला विधानसभा क्षेत्र उपचुनाव व जिला पंचायत चुनाव में जिन वाहन चालकों की ड्यूटी लगायी गई उन्हें तत्काल मानदेय का भुगतान किया जाए।

एसीपी लाभ से वंचित कर्मचारी करेंगे आमरण अनशन

देहरादून (एसएनबी)। पेयजल निगम की निर्माण शाखा हल्द्वानी व भीमताल में कार्यरत दो कर्मचारियों को सुनिश्चित कैरियर प्रोन्नयन (एसीपी) का लाभ न दिए जाने से पेयजल निगम कर्मियों में उबाल आ गया है। इस मामले को लेकर जल निगम जल संस्थान मजदूर यूनियन ने भी दखल दिया है। एसीपी लाभ से वंचित चल रहे दोनों कर्मचारियों ने 11 अगस्त से पेयजल निगम मुख्यालय में आमरण अनशन शुरू करने का निर्णय लिया है।

शुक्रवार को यूनियन के प्रांतीय महामंत्री पीताम्बर दत्त लोहनी ने बताया कि पेयजल निगम की निर्माण शाखा भीमताल में कार्यरत वर्क सुपरवाइजर वीरेन्द्र सिंह बिष्ट व हल्द्वानी में तैनात वर्क सुपरवाइजर सुरेन्द्र सिंह बिष्ट को निगम प्रबंधन एसीपी का लाभ नहीं दे रहा है। एसीपी से वंचित दोनों कर्मचारी 11 अगस्त से पेयजल निगम मुख्यालय में आमरण अनशन शुरू करेंगे।

जल्द मिले प्रोन्नत वेतनमान का लाभ

देहरादून। जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ (पूर्व माध्यमिक) ने मुख्य शिक्षाधिकारी से शिक्षकों की समस्याओं का शीघ्र निराकरण करने की मांग की है। मुख्य रूप से उन्होंने पात्र शिक्षकों को प्रोन्नत वेतनमान जल्द देने की वकालत की। शुक्रवार को संघ के नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष अनन्त कुमार सोलंकी व मंत्री रघुवीर सिंह पुण्डीर के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य शिक्षाधिकारी, जिला शिक्षाधिकारी से वार्ता की। वार्ता में उन्होंने शिक्षकों की मांगों को अधिकारियों के आगे रखा। सोलंकी ने बताया कि अगस्त के अंतिम सप्ताह तक पात्र शिक्षकों को प्रोन्नत वेतनमान का लाभ मिलना चाहिए। जिला मंत्री पुण्डीर ने कोटिकरण की त्रुटियों को शीघ्र दूर करने पर जोर दिया। उन्होंने गलत स्थानांतरण होने पर आंदोलन की चेतावनी भी दी।

दूसरी ओर जूनियर हाईस्कूल (पूर्व माध्यमिक) शिक्षक संघ की आपात बैठक में समय-समय पर शासन स्तर पर हुए समझौतों व सहमतियों को लागू न करने पर आंदोलन का निर्णय लिया गया । प्रदेश अध्यक्ष जगत सिंह नेगी ने कहा कि शिक्षकों की मांगों को लेकर समझौते तो होते हैं, लेकिन क्रियान्वयन नहीं होता है जिससे शिक्षक अपने आप को ठगा महसूस कर रहे हैं।

संविदा शिक्षकों ने सरकार पर लगाया वादाखिलाफी का आरोप

देहरादून। पांच सूत्रीय मांगों के निदान के लिए उत्तराखंड पॉलीटेक्निक संविदा शिक्षक सोसायटी ने सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाया। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि सरकार ने संविदा शिक्षकों को आश्वासन दिया था कि उनकी मांगों पर जल्द कार्रवाई की जाएगी, लेकिन अभी कोई निर्णय नहीं हुआ है जबकि संविदा शिक्षक पिछले 16 दिनों से धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। शुक्रवार परेड ग्राउंड स्थित धरना स्थल पर संविदा शिक्षकों की एक बैठक हुई। इसमें वक्ताओं ने कहा कि सरकार ने उनके साथ धोखा किया है। पूर्व में सरकार द्वारा उन्हें आश्वासन दिया गया था कि उनकी मांगों पर जल्द निर्णय किया जाएगा। लेकिन अभी तक मांग नहीं मानी गई है। इस मौके पर सोसायटी के प्रदेश अध्यक्ष सर्वेश चौधरी ने कहा कि समय रहते मांग नहीं मानी गई तो उग्र प्रदर्शन किया जाएगा।

आरटीओ में कर्मियों का कार्यबहिष्कार

देहरादून। संभागीय परिवहन कार्यालय हल्द्वानी में एकाउंटेंट के रिक्त चल रहे पद पर तैनाती करने की मांग को लेकर आरटीओ कार्यालय देहरादून में मिनिस्टीरियल कर्मियों ने सुबह 10 बजे से लेकर 12 बजे तक दो घंटे का कार्यबहिष्कार किया। शुक्रवार को उत्तराखंड परिवहन मिनिस्टीरियल कर्मचारी संघ के आह्वाहन पर आरटीओ कार्यालय देहरादून में मिनिस्टीरियल संवर्ग से जुड़े कर्मचारियों ने दो घंटे का कार्यबहिष्कार किया। परिवहन विभाग के हल्द्वानी कार्यालय में पिछले काफी समय से एकाउंटेंट का पद रिक्त चल रहा है। फिलहाल इस पद पर मिनिस्टीरियल संवर्ग के कर्मचारी को ही कामकाज देखना पड़ रहा है। पद रिक्त होने से हल्द्वानी संभाग से जुड़े कार्यालयों में कामकाज ठप पड़ा है।

श्री नन्दाराजजात यात्रा मार्ग के Contingency Plan के अन्तर्गत कार्यरत अभियन्ताओं/मशीनों/ऑपरेटरों का विवरण

क्र. सं.	खण्ड का नाम	मार्ग का नाम एवं लम्बाई (कि.मी.)	अभियन्ता का नाम व पदनाम	मोबाइल नम्बर	मशीन का नाम	मुख्यालय का नाम एवं कि.मी. सं.)	ऑपरेटर का नाम	ऑपरेटर का मोबाइल नम्बर
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1.	प्रान्तीय खण्ड कर्णप्रयाग	उज्जवलपुर- सेम मोटर मार्ग (2.30 कि.मी.)	श्री आदर्श गोपाल सिंह, अधि.अभि. श्री आर.एस. नेगी, सहा.अभि. श्री अभिषेक रावत, कनि. अभियन्ता	9412974296 9675576421 7895699505	जे.सी.बी.	उज्जवलपुर कि.मी. 1	श्री कुंवर सिंह रावत	8958435860
2.		बगोली- कोटी मोटर मार्ग (12.00 कि.मी.)	श्री आर.एस. नेगी, सहा.अभि. श्री मकान लाल कनि. अभियन्ता	9675576421 9720556930	जे.सी.बी. जे.सी.बी.	सीरी बैण्ड कि.मी. 6 मटियाला कि.मी. 10	श्री वाजिद अहमद श्री कुंवर सिंह	9412006166 7351045076
3.		घाट- सुतोल- कनोल मोटर मार्ग (30.00 कि.मी.)	श्री आर.एस. नेगी, सहा.अभि. श्री बी.एस. पुण्डीर सहा.अभि. श्री राजेन्द्र कुमार, अपर सहा.अभि. श्री मकान लाल, कनि. अभियन्ता श्री गौरव भण्डारी, कनि. अभियन्ता श्री वीरेन्द्र सिंह रावत, कनि.अभि.	9675576421 9412439560 9412966311 9720556930 9012834800 7895606041	जे.सी.बी. जे.सी.बी. पोकलैण्ड पोकलैण्ड	कि.मी. 1 से 4 के मध्य कि.मी. 5 से 9 के मध्य कि.मी. 10 से 18 के मध्य कि.मी. 19 से 30 के मध्य	श्री कुंवर सिंह श्री मोहन सिंह श्री सुरेन्द्र श्री वीरेन्द्र पंवार	7351045076 9927678271 8941890355 8171191422
4.		नन्दप्रयाग- घाट मोटर मार्ग (19.00 कि.मी.)	श्री आर.एस. नेगी, सहा.अभि. श्री पवन कुमार, कनि.अभियन्ता श्री परमानन्द देवराड़ी	9675576421 9675730742 9675321787	जे.सी.बी.	कि.मी. 1 से 10 के मध्य कि.मी. 11 से 19 के मध्य	श्री हीरा सिंह श्री कुंवर सिंह रावत	7536876406 8958435860
5.	अस्थाई खण्ड थराली	ग्वालदम- नन्दकेशरी मोटर मार्ग (18.00 कि.मी.)	श्री धन सिंह रावत, सहायक अभियन्ता श्री मनोज कोटला, अपर सहा.अभि. श्री अमरदीप, कनि. अभियन्ता श्री पंकज रावत, कनि. अभियन्ता	8958663256 8979525407 9837115876 8126053525	जे.सी.बी.	ग्वालदम कि.मी. 1 नन्दकेशनरी 18	श्री गणेश सिंह	8192839124
6.		थराली-देवाल-मुन्दोली-वाण मोटर मार्ग (52.50 कि.मी.)	श्री धन सिंह कुटियाल, अधि.अभि. श्री धन सिंह रावत, सहायक अभियन्ता श्री हरीश चन्द्र मैनाल, सहा.अभि. श्री अरूण कोहली, कनि. अभियन्ता श्री प्रसून नौटियाल, कनि. अभियन्ता श्री सन्तोष पन्त, कनि. अभियन्ता श्री संदीप खाली, कनि. अभियन्ता	7895523863 8958663256 7579227441 8979218365 8449837626 8958870795 7895461393	जे.सी.बी.	थराली (राड़ीबगड़) कि.मी. 3 देवाल कि.मी. 13 मुन्दोली कि.मी. 35 कुलिंग कि.मी. 44 कर्जाबगड़ कि.मी. 48 वाण कि.मी. 52	श्री बन्टी श्री मनवर सिंह चौहान श्री गणेश चन्दोला	8958068786 9917713378 9634564613
7.		नारायणबगड़-भगोती मोटर मार्ग (10.00 कि.मी.)	श्री धीरेन्द्र कुमार लोशाली, सहा.अभि. श्री प्रसून नौटियाल, कनि. अभियन्ता श्री जगमोहन मेहरा, कनि. अभियन्ता	9634014639 8449837626 9897991049	जे.सी.बी.	नारायणबगड़ कि.मी. 1 भगोली कि.मी. 7	श्री उमेश	9759535492
8.		थराली- घाट मोटर मार्ग (10.00 कि.मी.)	श्री हरीश चन्द्र मैनाली, सहा. अभि. श्री शरद कुमार टम्टा, कनि. अभियन्ता श्री चण्डी प्रसाद भट्ट, कनि. अभियन्ता	7579227441 9760336898 9759142604	जे.सी.बी.	कोलडीप कि.मी. 2 डुंग्री कि.मी. 10	श्री सोनू	7500271110
9.	अस्थाई खण्ड गौचर	कर्णप्रयाग-नौटी-पैठाणी मोटर मार्ग (47.15 कि.मी.)	श्री मनोज कुमार भट्ट, अधि.अभि. श्री जे.एन. पटवाल, सहा.अभि. श्रीमती ऊषा भण्डारी, कनि. अभियन्ता श्री अनुज कुमार शर्मा, कनि.अभि.	9412382882 9634967929 9411728285 9412942921	जे.सी.बी.	कर्णप्रयाग कि.मी. 1 नौटी कि.मी. 25	श्री गजेन्द्र सिंह श्री नरेन्द्र	8392812812 9759903388
10.		आदिबद्री-नौटी मोटर मार्ग (38.53 कि.मी.)	श्री जे.एन. पटवाल, सहा.अभि. श्रीमती ऊषा भण्डारी, कनि.अभि. श्री विनोद सिंह चौहान, कनि.अभि.	9634967929 9411728285 9411743590	जे.सी.बी.	खेत गधेरा कि.मी. 13	श्री प्रकाश चौहान	8193977709
11.		नौटी मन्दिर पहुंच मार्ग (1.20 कि.मी.)	श्री जे.एन. पटवाल, सहा.अभि. श्रीमती ऊषा भण्डारी, कनि.अभि. श्री अनुज कुमार शर्मा, कनि.अभि.	9634967929 9411728285 9412942921	-	-	-	-
12.		घाट-रामणी मोटर मार्ग (16.00 कि.मी.)	श्री अमित कुमार पटेल, सहा.अभि. श्री अंशुमान गुप्ता, कनि. अभियन्ता	9536854007 9457676455	पोकलैण्ड	घाट कि.मी. 1	श्री मिक्का	9458959046
13.		घाट- थराली मोटर मार्ग (13.00 कि.मी.)	श्री अमित कुमार पटेल, सहा.अभि. श्री दीपक रावत, कनिष्ठ अभियन्ता	9536854007 8979551957	जे.सी.बी.	घाट कि.मी. 1	मैसर्स आर.जी. बिल्डवैल इंजीनियर्स ठेकेदार	9639101141
28.	राष्ट्रीय राजमार्ग खण्ड, लोनिवि रानीखेत	कर्णप्रयाग-ग्वालदम मोटर मार्ग कि.मी. 229 से 235	श्री कमल शाह कनि. अभियन्ता	7579400075	जे.सी.बी.	कि.मी. 230	श्री पुरूषोत्तम चमोला	7409413651
29.		दिवालीखाल-सिमली मोटर मार्ग कि.मी. 191 से 229 तक	श्री मुकेश रावत, कनि. अभियन्ता	8958116107	जे.सी.बी.	कि.मी. 203	श्री बलवन्त सिंह	8057138921
30.		पाण्डवाखाल-गैरसैंण कि.मी. 171 से 190	श्री आलोक कुमार, कनि. अभियन्ता श्री नीरज पाल, कनि. अभियन्ता	9675452741 9759352253	 जे.सी.बी.	 कि.मी. 135 मैहलचांरी	 श्री मुशरफ	 9457975674
31.	66 आर.सी.सी. ग्रेफ, गौचर	सिमली-बगोली-नारायणबगड़ -ग्वालदम मोटर मार्ग	मेजर प्रशान्त सिंह, कमान अधिकारी श्री जवाहर शर्मा, ओवरसीयर श्री वेद प्रकाश, ओवरसीयर	8449584518 7895708548 9634361902	जे.सी.बी. जे.सी.बी. जे.एस. 201 मशीन जे.सी.बी. बी.डी.	स्थान बगोली कि.मी. 134.00 नलगांव कि.मी. 128 नारायणबगड़ कि.मी. 121 कालजाबर कि.मी. 119 हरमनी कि.मी. 115 मलियापौड़ कि.मी. 113 सुनला कि.मी. 112 थराली		

सर्व सम्बन्धित जनता से अपील की जाती है कि श्री नन्दाराजजात यात्रा के दौरान जनपद चमोली से सम्बन्धित श्री नन्दाराजजात यात्रा मोटर मार्गों पर सुगम, सुरक्षित यातायात हेतु उपरोक्तानुसार कन्टीजेन्सी प्लान तैयार किया गया है, उपरोक्त मोटर मार्गों के यातायात हेतु अवरूद्ध होने अथवा किसी प्रकार की कोई भी शिकायत अथवा समस्या होने पर आम जनता एवं जनप्रतिनिधि उपरोक्त मोटर मार्गों पर तैनात अभियन्ताओं, जे.सी.बी. चालकों से किसी भी समय दूरभाष पर कोई भी जानकारी ले सकते हैं अथवा कोई सुझाव अथवा सूचना दे सकते हैं। साथ ही श्री नन्दाराजजात यात्रा के जिला मुख्यालय स्थित कन्ट्रोल रूम पर स्थित दूरभाष नम्बर- 01372-253185 अथवा 253186 पर कोई भी जानकारी प्राप्त कर सकते है अथवा कोई सूचना एवं सुझाव दे सकते हैं अथवा किसी प्रकार का कोई निदान न होने पर अधोहस्ताक्षरकर्ताओं से किसी भी प्रकार की जानकारी/सूचना एवं सुझाव दे सकते हैं।

डॉ. एम.एस. बिष्ट
अपर जिलाधिकारी, चमोली/
अपर मुख्यालय कार्यकारी अधिकारी/
यात्राधिकारी श्री नन्दाराजजात यात्रा, 2014 (9412925666)

एस.ए. मुरूगेशन
आई.ए.एस.
जिलाधिकारी, चमोली/मुख्य कार्यकारी अधिकारी
श्री नन्दाराजजात यात्रा 2014 (7579115972)